# उत्तर प्रदेश नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
Website-www.upnursescouncil.org Email-upnursescouncil@upsmfac.org
Phone : 0522 - 2238846, +91-9151024462

पत्रांक संख्या–3747/24 दिनांक 04.09.24

सेवा मे,

**प्रधानाचार्य / प्रबन्धक,**
कालका इन्स्टीट्यूट फार रिसर्च
एण्ड एडवान्सड स्टडीस,
बराल, परतापुर, एन0एच0 58,
मेरठ।

**विषय–बी.एससी.–नर्सिंग पाठ्यक्रम में 40 सीट से बढ़ाकर 60 सीट (20 सीट वृद्धि) हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या– I/709357/2024 File No.-71-4099/1046/2021-चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 चिकित्सा शिक्षा विभाग–Part(2) दिनॉक 03.08.2024 के द्वारा कालका इन्स्टीट्यूट फार रिसर्च एण्ड एडवान्सड स्टडीस, बराल, परतापुर, एन0एच0 58, मेरठ को बी0एससी0–नर्सिंग पाठ्यक्रम में 40 सीट से बढ़ाकर 60 सीट (20 सीट वृद्धि) प्रतिवर्ष भर्ती क्षमता हेतु कतिपय शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की गयी अनिवार्यता/अनापत्ति के क्रम में इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल द्वारा कराये गये स्थलीय निरीक्षण दिनॉक 29.08.2024 के आधार पर संस्था द्वारा निरीक्षक दल को दर्शाये गये संसाधनों तथा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों के आधार पर निरीक्षक दल द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर प्रश्नगत पाठ्यक्रम के संचालन की अनुमति दी जाती है। यदि उ0प्र0 नर्सिंग कौंसिल को किसी भी समय यह ज्ञात होता है कि आप द्वारा कोई तथ्य छुपाये गये है अथवा मान्यता हेतु छद्म प्रपत्रों, संसाधनों का सहारा लिया गया है तो नियमानुसार मान्यता/सम्बद्वता समाप्त करते हुए आपके विरूद्व यथोचित कार्यवाही की जायेगी। इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली के द्वारा धारा 13 एवं 14 के अन्तर्गत भी संस्थान का निरीक्षण किया जायेगा।

अतः आप अपने संस्थान में अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रक्रिया हेतु अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सम्बद्धता संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। आपको निर्देशित किया जाता है कि कार्यालय में प्रतिवर्ष संबद्धता शुल्क के रूप में रू0 35,000+18% GST जमा कराना सुनिश्चित करते रहे, जिससे कि बैच उत्तीर्ण होने के पश्चात् उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल द्वारा अर्ह अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जा सके।

भवदीय,

**रजिस्ट्रार,**
उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल।

पत्र संख्या– दिनॉक–

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद, आठवॉ तल, एनबीसीसी सेन्टर, प्लाट नं. 2, कम्यूनिटी सेन्टर, ओखला फेज–1, नई दिल्ली–110020
2. रजिस्ट्रार, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ उ0प्र0।

**रजिस्ट्रार,**
उ0प्र0 नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल।